# भगवान की शरणागति ही मोक्ष दिला सकती है : अरुण

## मानस सम्मेलन में उमड़ी भीड़, पहुंचे पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 29 दिसम्बर, स्थानीय स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की तपस्थली रामलीला मैदान में चल रही पंडित सूर्य प्रताप मिश्र स्मृति अखिल भारतीय श्रीरामचरित मानस सम्मेलन के चौथे दिन राम कथा के मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड जस्टिस अरुण कुमार सिंह रहे.**

उन्होने रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों के साथ ही परमात्मा की शरणागति से चार प्रकार की मुक्ति सायुज्य सामीप्य सालोक्य तथा निर्वाण की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान की शरणागति ही एकमात्र मोक्ष दिला सकती है. इस अवसर पर जहां पूर्व





विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने जस्टिस अरुण कुमार सिंह द्वारा राम जस्टिस जैसे पद पर रहते हुए भी राम कथा का संकल्प लेकर समूचे देश में राम कथा के माध्यम से जहां राष्ट्र निर्माण का कार्य जैसा व्रत लिया वही न्याय के क्षेत्र में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई. उन्होंने संचालक डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा के प्रति भी आभार व्यक्त किया वहीं दूसरी ओर दोपहर 12 से ही चल रही राम कथा के दौरान कार्यक्रम में पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने पहुंचकर कथा व्यास बनारस से पंडित राघवेंद्र पांडे राघव को माल्यार्पण कर अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरितमानस विश्व का अद्वितीय ग्रंथ है इससे बड़ा दूसरा कोई ग्रंथ नहीं जिसमें प्राणी मात्र के कल्याण की बात कही गई है.

मानस कोकिला साध्वी नीलिमा राघव ने कहा कि भगवान राम की कृपा के बिना पत्ता नहीं हिल सकता परमात्मा ही सृष्टि का कारण मात्र है और इस जीवन का अंतिम पुरुषार्थ मोक्ष प्राप्त कर भगवान के सन्निधि में परमानंद प्राप्त करना ही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए. इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी एवं सुखेंद्र सिंह बन्ना को आयोजन समिति की ओर से भगवान विश्वनाथ का चित्रपट समर्पित कर गले में राम नाम की पट्टीका तथा साल ओढ़ाकर समिति के संयोजक ज्योति गुप्ता एवं वीरेंद्र मिश्रा ने विशेष सम्मान किया. डॉ नवल किशोर मिश्रा ने दोनों ही अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके योगदान को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया. इस अवसर पर पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता संपति दास गुप्ता, हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला, राधा रमण तिवारी, कैलाश प्रसाद मौजूद थे.



# घटिया सड़क निर्माण को लेकर दिया धरना, आश्वासन पर समाप्त

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 29 दिसम्बर, रीवा जिले के गुढ़ नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 में नवनिर्मित की गई डेढ़ करोड़ की लागत से लगभग 2 किलो मीटर की आर. सी. सी. सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही जर्जर हो गई. जिससे वार्ड वासियों ने भारतीय सर्व सेवा संगठन से शिकायत की.**

भारतीय सर्व सेवा संगठन द्वारा सोमवार को समय 11:00 से अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया गया. जैसे ही धरना की खबर सोशल मीडिया पर फैली 2 घंटे के अंदर ही गुढ़ एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल एवं नगर परिषद अधिकारी के. एन. सिंह धरना स्थल पर पहुंच कर धरना में बैठे संगठन के पदाधिकारियो व वार्ड वासियों की बात गंभीरता से सुनी और ज्ञापन पत्र लेकर धरना समाप्त करवाया और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द जांच टीम गठित कर उचित कार्रवाई की जाएगी. धरना में संगठन के पदाधिकारी इन्द्रपाल उपाध्याय, महेश दुबे, टीपू खान, शिवेश चतुर्वेदी, विकर्स उपाध्याय, सोनू अवधिया, रामनरेश चौधरी, भूपेंद्र गौतम, अरविंद जायसवाल, दिलीप गुप्ता, गंगा गुप्ता, बल्ला खान और विपक्ष के नेताओं में पार्षद मुमताज खान, सज्जन सिंह, शैलेंद्र सिंह, महेंद्र उपाध्याय, सुभाष मिश्रा, दीपक मिश्रा, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे .

# मऊगंज के वार्ड-6 में जल भराव की समस्या से जूझ रहे लोग

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 29 दिसम्बर, मऊगंज के वार्ड नं. 6 में जल भराव की समस्या से लोग परेशान है. लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नही किया जा रहा है.**

लोगों का कहना हैं काफी शिकायत के बाद भी नगर पालिका सीएमओ और वहां के कर्मचारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जाता है. आज तक पानी निकासी की समस्या का निरकरण नहीं हुआ. जबकि बरसात लोगों के घर के अंदर पानी घुस जाया करता था अब रोड़ों में पानी भर जाता जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता और नालियां कचरों से भरी है, पानी रोड में आ जाता है बरसात खत्म होने के बाद भी सुनवाई नहीं. वॉर्ड न 6 निवासी राम करन सोनी का कहना हैं हम लोगों को काफी दिक्कत होती है आने जाने में स्कूली बच्चों और बुर्जुगों को मगर कोई अधिकारी सुन नहीं रहा है.

## सड़क के बीचों-बीच हो रही पाइप लाइन खुदाई

हनुमना, 29 दिसम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के पूर्वी क्षेत्र मझिगवां में इन दिनों बड़ी लापरवाही सामने आ रही है . जल जीवन मिशन के तहत पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार यह पूरा काम बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी या इंजीनियर की निगरानी के किया जा रहा है . ग्रामीण बताते हैं कि ठेकेदार द्वारा सड़क के बिल्कुल बीचों-बीच खुदाई कर दी गई है, जिससे राहगीरों के लिए आवागमन मुश्किल हो गया है . रात के समय दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है .

# नहीं सुधर रही मऊगंज बाजार की यातायात व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 29 दिसम्बर, मऊगंज जिला बने दो वर्ष पूरा हो गया भ्रष्टाचार अपराध कू प्रबंधन बिजली सड़क पानी छोड़ दिया जाए तो जिले की मऊगंज मुख्यालय में दो किलो मीटर की सड़क की यातायात व्यवस्था दो वर्षों में भी नहीं सुधर पाई.**

पुलिस के नाम पर मुख्यालय कंट्रोल रूम यातायात विशेष पुलिस व्यवस्था कलेक्टर मुख्यालय सब कुछ होते हुए भी जाम का झाम अभी बरकरार है. दो किलो मीटर के इस बाजार में लगभग भीड़ की स्थिति और जाम लगने वाला स्थान एक ही किलो मीटर का है. इस एक किलो मीटर में दो-तीन चौराहे बस स्टैंड सब्जी मंडी का हिस्सा आता है. सुबह से शाम तक लंबे जाम में स्कूल बस इमरजेंसी वाहन सब प्रभावित रहते हैं. लेकिन इस ओर न तो जनप्रतिनिधि और नही वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान है. कहने के लिए यातायात प्रभारी बड़ी सक्रियता दिखाते हैं उनके लिए विशेष वाहन व्यवस्था और लाव लश्कर भी रहता है किंतु एक किलोमीटर का यातायात पुलिस प्रशासन के ऊपर भारी पड़ रहा आखिर कौन जिम्मेदार है.



मानस सम्मेलन को सम्बोधित करते मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल

# ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए किया गया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 29 दिसम्बर, सीएससी के द्वारा संचालित वीजा सीएसआर के अंतर्गत ग्राम खटखरी हनुमना जिला मऊगंज में सीएससी वीएलई दामोदर उपाध्याय के द्वारा ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड के बचने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया.**

इस प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्रामीणों को बताया गया कि कैसे किसी अनजाने कॉल में बैंक





ओटीपी मांगने पर क्या करना चाहिए, और डिजिटल अरेस्ट कैसे किया जाता है एवं इससे कैसे बचा जा सकता है.

आजकल साइबर फ्रॉड बहुत तेजी से ग्रामीण अंचल पर भी हो रहा है द्य इसीलिए वीजा सीएसआर के द्वारा सीएससी के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है.

जिला प्रबंधक सीएससी रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि सीएससी वीसा द्वारा गावों में सीएससी केंद्रों के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा, जिसका उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फ़िशिंग, डिजिटल अरेस्ट और अन्य साइबर खतरों से बचाना है.

# हनुमना से निकलकर प्रदेश कार्यसमिति तक की जिम्मेदारी

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 29 दिसम्बर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 58वां प्रांत अधिवेशन छिंदवाड़ा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. अधिवेशन के दौरान संगठन की आगामी कार्ययोजना के साथ-साथ संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई.**

जिसमें हनुमना के राहुल विश्वकर्मा को प्रांतीय कार्यकारिणी में स्थान मिलने पर समूचे हनुमना क्षेत्र के शिक्षा जगत में उत्सव का माहौल है. इस अवसर पर हनुमना नगर से परिषद कार्य की शुरुआत कर संगठन में निरंतर सक्रिय रहे राहुल विश्वकर्मा जैसे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई. हनुमना से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कार्य करते हुए वे संगठन में पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में सिहोरा जिला विस्तारक तथा सिहोरा जिला संगठन मंत्री के दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं. वर्तमान में वे बालाघाट जिला संगठन मंत्री के रूप में संगठनात्मक कार्य देख रहे हैं. उनके निरंतर समर्पण, संगठन क्षमता और विद्यार्थी हितों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उन्हें अब प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है.

इस नियुक्ति से हनुमना क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है. संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी है.

# शीतलहर के बावजूद मानस सम्मेलन में उमड़ रहा श्रोताओं का जनसैलाब

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 29 दिसम्बर, पूज्यपाद बैकुण्ठवासी स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली रामलीला मैदान में 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाली ब्रह्मलीन पंडित सूर्य प्रताप मिश्र स्मृति अखिल भारतीय श्रीरामचरित मानस सम्मेलन में जन सैलाब उमड़ रहा है.**

संत विद्वानों को सुनने के लिए पढ़ रही भीषण ठंड तथा शीतलहर के बावजूद समूचे क्षेत्र तथा नगर से श्रद्धालुओं का जन सैलाब कथा सुनने जिस कदर से उमड़ रहा है उसने सिद्ध कर दिया है की श्रद्धालुओं की श्रद्धा एवं आस्था के आगे मौसम का कोई असर नहीं होने वाला. उल्लेखनीय है कि कथा में रत्नावली सम्मान से सम्मानित मानस कोकिला नीलिमा राघव ने अपने सर गर्भित प्रवचन के माध्यम से रामचरितमानस के अनेक गूढ रहस्यों को उद्घाटित करते हुए कहा कि परमात्मा नारायण ही साक्षात श्री राम के रूप में अवतरित होकर प्राणी मात्र के कर्तव्यों का बोध कराया है. कथा में अच्छी खासी भीड़ थी.

## आरती में सम्मिलित हुए विधायक प्रदीप पटेल

दूसरे दिन की कथा के समापन पर विधायक प्रदीप पटेल ने पहुंचकर भगवान की जहां आरती उतारी . वही अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित सूर्य प्रताप मिश्र द्वारा चलाई गई सनातन परंपरा का आज भी जिस प्रकार से निर्वाह आप सभी करते चले आ रहे हैं डॉ नवल किशोर मिश्रा एवं उनकी पूरी आयोजन समिति बधाई की पात्र है . इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता भाजपा युवा नेता सुमित गुप्ता रोहित गुप्ता लवकुश गुप्ता पवन पाल सिंघम देवराज जायसवाल अभय विशाल गुप्ता राहुल केसरी आदि लोग भी विधायक के साथ उपस्थित रहे . विधायक को भगवान विश्वनाथ की प्रतिमा एवं पट्टिका पहनकर सम्मान किया गया .

## अखंड मानस पाठ कल

हनुमना, 29 दिसम्बर, थाना क्षेत्र के ग्राम चरैया जंगल में स्थित अधकुड़वा हनुमान जी मंदिर परिसर में हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर को अखंड श्री रामचरित मानस पाठ तथा 1 जनवरी को मानस पाठ की पूर्णाहुति के शुभ अवसर पर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया है. जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है. उपरोक्त तीर्थ स्थल श्री हनुमान जी महाराज के प्रकृति निर्मित स्वयं प्रकट दिव्य विग्रह का दर्शन करने सुदूर अंचलों से लोग हमेशा ही आया करते हैं.

# विधायक प्रदीप पटेल ने छात्रों से किया संवाद

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 29 दिसम्बर, मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने हनुमना में भी एस डब्ल्यू तथा एमएस डब्ल्यू के छात्र छात्राओं से सोशल वर्क से संबंधित विभिन्न विषयों पर खुलकर जहां संवाद किया.**

वहीं उन्होंने छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के क्षेत्र में आने वाले विभिन्न चुनौतियां के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सोशल वर्क के क्षेत्र में चाहे वह शासन की कोई योजना हो या फिर हम व्यक्तिगत किसी मिशन को लेकर अपने एनजीओ के माध्यम से राष्ट्र व समाज हित में जो कार्य कर रहे हैं.

इसका लाभ अधिक से अधिक आम जनमानुष को कैसे मिले वह सर्वाग्राही सर्वस्पर्शी सर्व कल्याणकारी कैसे बने इस बात को ध्यान रखना होगा तभी हम एक सफल सोशल वर्कर हो सकते हैं।

इस अवसर पर बीईओ हनुमना देवेंद्र मिश्रा,प्राचार्य अर्जुन उपाध्याय एवं ब्लॉक समन्वयन अधिकारी डॉ. रामानंद पटेल उपस्थित रहे. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया.

# स्वर्गीय भैया लाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट ढेरा का 11वां सीजन शुरू

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 29 दिसम्बर, मऊगंज जिले के ढेरा ग्राम में स्वर्गीय भैया लाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट ढेरा का 11वां सीजन ( 2025-26 ) प्रारंभ हुआ.**

टूर्नामेंट के चौथे लीग मैच में डीसीए और हन्नाचौर 11 की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीणजन मैदान में मौजूद रहे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश चंद राल्ही जनभागीदारी अध्यक्ष, एक्सीलेंसी कॉलेज मऊगंज रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित शुक्ला पूर्व जनपद पंचायत सदस्य, ढेरा ने की. वहीं समाजसेवी एवं मार्गदर्शक मोहन लाल शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इसके साथ ही रामशंकर तिवारी, गेंदलाल गुप्ता एवं उदय चतुर्वेदी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अमिय शुक्ला की उपस्थिति एवं अध्यक्षता में आयोजन को विशेष उत्साह मिला. वटूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया. अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के खेल आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करते हैं और युवाओं को नशे व गलत दिशा से दूर रखकर खेल और अनुशासन की ओर प्रेरित करते हैं.

स्वर्गीय भैया लाल शुक्ल जी की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट खेल भावना और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का प्रतीक है. चौथे लीग मैच में डीसीए और हन्नाचौर 11 की टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद रोचक रहा, जिसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. कार्यक्रम का सफल आयोजन डीसीए के समस्त कार्यकर्ताओं के सहयोग से संपन्न हुआ. अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया और आगामी मैचों को और अधिक रोमांचक बनाने का संकल्प लिया.

# पिपराही में अटल बिहारी वाजपेयी की मनाई गई जयंती

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 29 दिसम्बर, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती समूचे देश के साथ ही मऊगंज जिले के हनुमाना तहसील के आदिवासी अंचल पिपराही में भी धूमधाम से मनाई गई.**

कार्यक्रम में अटल जी द्वारा किये गये कार्यो को याद किया गया. पिपराही में पूर्व जिला उपाध्यक्ष उर्मिला सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया. अस्पताल में फल वितरण किया गया एवं असहाय महिलाओं को कम्बल वितरण किया गया. साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत कई परिसरों की सफाई की गई वही संगोष्ठी सम्मान एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया. जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आम जनता जनार्दन को अटल बिहारी वाजपेई के शासनकाल तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए इस राष्ट्र व समाज को उनकी देन के बारे में बताया.

# माघ मेला प्रयागराज जाने वालों में अभी से दिख रहा उत्साह

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 29 दिसम्बर, उत्तर प्रदेश के बॉर्डर से लगे हुए हनुमना क्षेत्र जो प्रयागराज से महज 100 किलोमीटर दूर पर स्थित है. प्रयागराज माघ मेले में प्रत्येक वर्ष इस क्षेत्र के हजारों लोग प्रत्येक वर्ष जहां प्रयागराज के माघ मेले में कल्पवास किया करते हैं.**

वही विगत 144 वर्षों बाद लगे महाकुंभ में जहां विश्व के 70 करोड लोगों ने आकर मा त्रिवेणी संगम की पवित्र धारा में डुबकी लगाई और शासन प्रशासन ने भी जो व्यवस्थाएं की थी वह विश्व इतिहास में अद्वितीय व्यवस्था तथा अद्वितीय महाकुंभ के रूप में जिस प्रकार से कीर्तिमान स्थापित कर चुका है उसके बाद 3 जनवरी से लगने वाले इस वर्ष के माघ मेला प्रयागराज में जिस प्रकार से व्यवस्थाएं शासन प्रशासन द्वारा की जा रही है उससे स्पष्ट है कि इस वर्ष का माघ मेला किसी सामान्य कुंभ मेले से कम नहीं होगा. उल्लेखनीय है कि कुंभ मेले में जहां देश व विभिन्न राष्ट्रों में कार्य कर रही सनातन धर्म से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं ने भी आकर सेवा शिविरो के माध्यम से कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में जुटी रही है उन संस्थानों में से अनेक ऐसी संस्थाओं ने इस वर्ष माघ मेले में भी अपना शिविर लगाने का आवेदन माघ मेला प्रशासन से करते हुए सुविधा तथा स्थान का आवेदन किया है माघ मेला प्रशासन द्वारा भी ऐसी तमाम संस्थाओं को भूखंड आवंटित करने के साथ ही संस्थाओं के पहुंच के अनुरूप सुविधाएं भी जारी कर रहा है जिस वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं में इस वर्ष माघ मेले में जाने का एक जुनून सा दिख रहा है विशेष कर उम्र दराज लोग जहां कल्पवास करने को उत्सुक है वही युवा पीढ़ी भी मेले में पहुंच रहे है.

# हाटेश्वर नाथ गौशाला का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 29 दिसम्बर, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने ग्राम गदह खुर्द स्थित हाटेश्वर नाथ गौशाला का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में गोवंश के संरक्षण, देखरेख एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया.**

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में गोवंश के संरक्षण की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं. उन्होंने विशेष रूप से चारा, भूसा एवं ठंड से बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शीतकाल में गोवंश को किसी प्रकार की परेशानी न हो. इसके साथ ही कलेक्टर ने गौशाला में रह रहे गोवंश का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए. निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के लिए संबंधित अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए. निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, उप संचालक पशुपालन जे एल साकेत, तहसीलदार हनुमाना शिवम कुमार गौतम मौजूद थे

# ग्राम पंचायत पन्नी में 58 .67 प्रतिशत हुआ मतदान



**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 29 दिसम्बर, मऊगंज जिले में जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम पंचायत पन्नी में सरपंच पद के लिए उप चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया. मतदान 5 मतदान केन्द्रों में कराया गया.**

कुल 58.67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया. जिसमें महिलाओं का प्रतिशत 62.72 और पुरूषों का प्रतिशत 54.99 रहा. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने मतदान केन्द्रों में चल रहे मतदान का जायजा भी लिया.